भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2562

11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में क्षेत्रीय हर्बल कच्चा माल परीक्षण प्रयोगशालाएं

2562. श्रीमती सुलता देव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष औषधियों के गुणवत्ता आश्वासन के लिए ओडिशा में क्षेत्रीय हर्बल कच्चा माल परीक्षण
प्रयोगशालाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय आयुष औषधि गुणवत्ता एवं उत्पादन संवर्धन योजना (एओजीयूएसवाई) नामक एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ क्रमश: डब्ल्यूएचओ-जीएमपी और राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) जैसे उच्च मानकों को प्राप्त करने के लिए आयुष फार्मेसियों और औषध परीक्षण प्रयोगशालाओं की सहायता की जाती है।

आयुष मंत्रालय द्वारा औषधि नियम, 1945 के नियम 160क से 160ञ के तहत आयुष औषधियों की पहचान, शुद्धता, गुणवत्ता और शक्ति से संबंधित परीक्षण करने के लिए औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को अनुमोदित किया जाता है। आदिनांक, मंत्रालय द्वारा ओडिशा सहित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 118 निजी औषध परीक्षण प्रयोगशालाओं को औषध नियम, 1945 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे परीक्षण करने के लिए अनुमोदित किया गया है। इसके अतिरिक्त, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के औषध निरीक्षकों द्वारा लिए गए वैध नमूनों के परीक्षण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 34 औषध परीक्षण प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं।

ओडिशा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, भुवनेश्वर में एक राजकीय औषध परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला (आईएसएम) हर्बल कच्चे माल और आयुष औषधियों के वैध नमूनों के परीक्षण के लिए कार्य कर रही है। इसके अलावा, कच्ची औषधियों और आयुष दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ओडिशा राज्य में 4 प्रयोगशालाओं को भी अनुमोदित किया गया है। विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

*****

संलग्नक

ओडिशा राज्य में राजकीय और निजी औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**राजकीय/निजी**	**औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं का नाम और पता**
1.	राजकीय	राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (आईएसएम), राजकीय आयुष अस्पताल कैंपस, नागेश्वरटांगी, बीजेबी नगर, भुवनेश्वर, ओडिशा
2.	निजी	मैसर्स बायो लैब, द्वारा बायो सोर्सिंग, कॉम प्राइवेट लिमिटेड ए-41, अशोक नगर, जनपथ, भुवनेश्वर - 751009
		मैसर्स बायोटेकआयूर प्राइवेट लिमिटेड, सेरगढ़, एनएच-16, बालासोर
		मैसर्स हेम्पकैन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, वेदी लैब्स के रूप में पुनर्नामित (हेम्पकैन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई), गंगाधर मेहर मार्ग, प्लॉट नंबर-266-3328, पोस्ट- केआईआईटी, जिला-खुर्दा, पिन-751024, ओडिशा है।
		मैसर्स कल्याणी लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 78/944, मिलेनियम सिटी, पहला, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा, पिन-752101